

कुछ सीनियर खिलाड़ियों को मिलेगा आराम

टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों– जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी– को टी20 इंटरनैशनल सीरीज के लिए आराम दिया जा सकता है। वरुण चक्रवर्ती के स्थान पर हर्षल पटेल को मौका मिल सकता है। पटेल ने बीते दो सीजन में आईपीएल में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए नजरअंदाज किया गया। जयपुर, रांची और कोलकाता में पहले तीन टी20 इंटरनैशनल मैच खेले जाएंगे। वहीं कानपुर और मुंबई में सीरीज के दो टेस्ट मैच होंगे।

## टी20 और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। अगले एक–दो दिन में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो जाएगा। इससे पहले, अटकलों का दौर शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट में काफी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीमित ओवरों में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया जा सकता है। इसके साथ ही शर्मा को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए भी भारतीय टीम की कमान सौंपी जा सकती है। मौजूदा टेस्ट कप्तान विराट कोहली पहले टेस्ट मैच से ब्रेक ले रहे हैं और वह मुंबई में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे। उम्मीद है कि कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनैशनल सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। मौजूदा उपकप्तान अजिंक्य रहाणे, जो इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में फॉर्म में नहीं थे, उपकप्तान बने रहेंगे। टी20 सीरीज के लिए केएल राहुल को टीम का उपकप्तान बनाया जा सकता है। श्रेयस अय्यर, जो पहले टी20 टीम का हिस्सा नहीं थे, की वापसी हो सकती है। दीपक और राहुल चाहर भी टीम का हिस्सा हो सकते हैं।

# कोचिंग के बाद कॉमेंट्री बॉक्स में वापसी को तैयार रवि शास्त्री

क्रिकेट

## शास्त्री आईपीएल में कोच की भूमिका निभा सकते हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत के निवर्तमान मुख्य कोच रवि शास्त्री ने संकेत दिए हैं कि वह फिर से क्रिकेट कॉमेंट्री में वापसी कर सकते हैं। भारतीय टीम का मुख्य कोच बनने से पहले 59 वर्षीय शास्त्री ने कमेंटेटर के रूप में अपनी विशेष जगह बनाई थी। टीम इंडिया के साथ मुख्य कोच का उनका कार्यकाल सोमवार को नामीबिया के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के साथ ही समाप्त हो गया। भारत की नामीबिया पर जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शास्त्री ने अपनी भविष्य की योजनाओं को लेकर भी संकेत दिए। शास्त्री ने कहा, अगर आप मेरे कार्यकाल की विशिष्ट उपलब्धि की बात करते हैं तो आस्ट्रेलिया को (उसकी धरती पर) हराने से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। इंग्लैंड में हम सीरीज में आगे थे। अब अगले साल यह सीरीज पूरी होगी। हो



सकता है कि मैं उस मैच की कॉमेंट्री करूं।

शास्त्री इंग्लैंड के खिलाफ उस पांचवें टेस्ट मैच की बात कर रहे थे जिसे सितंबर में भारतीय दल में कोविड–19 के मामले पाए जाने के बाद स्थगित कर दिया गया था। उसे अब अगले साल आयोजित किया जाएगा। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं शास्त्री आईपीएल में कोच की भूमिका निभा सकते हैं। शास्त्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि टी20 विश्व कप से पहले खिलाड़ियों के लिए किसी तरह का ब्रेक को लेकर भारतीय क्रिकेट प्रशासकों से संपर्क करना उनका काम नहीं था, क्योंकि उनमें से कई को शायद पिछले छह महीनों में बायो–बबल के कारण अत्यधिक थकान से पीड़ित थे।

भारत के कई शीर्ष क्रिकेटर, जो संयुक्त अरब अमीरात में विश्व कप अभियान का हिस्सा थे, उन्होंने बायो–बबल वातावरण में कई महीने बिताए हैं। इसके तहत वो एक सैनिटाइज वातावरण से दूसरे स्थान पर जा रहे हैं और शायद ही कभी वापस घर जाकर अपने परिवार के साथ बेहतर समय बिताया हो।

शीर्ष भारतीय क्रिकेटर भारत में आईपीएल के पहले चरण के सुरक्षित बायो–बबल वातावरण से इंग्लैंड चले गए जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेला। उसके बाद वो इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट सीरीज में शामिल हुए। इसके बाद वे यूएई में दूसरे चरण के लिए आईपीएल बायो–बबल में चले गए और, शानदार लीग के पूरा होने के बाद, उन्होंने आईसीसी टी20 विश्व कप में प्रवेश किया।

## वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि कोहली की जगह लेकर उठने वाले सवाल बेमानी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्या विराट कोहली अगर कप्तान नहीं रहते तो टी20 टीम में उनकी जगह बनती है? यह सवाल सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रहा था। हालांकि टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग की नजर में यह सवाल बेमानी है। उन्होंने कहा कि यह सवाल जरूरी नहीं है। सोमवार को विराट कोहली टी20 क्रिकेट में बतौर कप्तान अपना आखिरी मुकाबला खेला। टी20 वर्ल्ड कप 2021 के सुपर 12 के इस मैच में भारतीय टीम ने नामीबिया को इस मैच में 9 विकेट से हराया। क्रिकबज के साथ बातचीत में सहवाग ने इतने वर्षों में क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में कोहली



की शानदार निरंतरता की तारीफ की। 43 वर्षीय सहवाग ने कहा कि भारतीय क्रिकेट की खुशकिस्मती है कि उसके पास कई युवा प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं लेकिन उनमें से कोई भी विराट कोहली के कद के खिलाड़ी की जगह नहीं ले सकता।

सहवाग ने कहा, चाहे कितने भी युवा खिलाड़ी आ जाएं, कोई दूसरा कोहली नहीं हो सकता। इस टीम के साथ भी उन्होंने जिस तरह निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है, तो टी20 वर्ल्ड कप में उनकी जगह को लेकर सवाल पूछना सही नहीं होगा। वह जब तक दिल चाहे टी20 फॉर्मेट में खेल सकते हैं। पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा ने भी सहवाग की बात से सहमति जताई। उन्होंने कहा कि कोहली नंबर तीन पर जो स्थिरता प्रदान करते हैं वह दूसरा कोई बल्लेबाज नहीं दे सकता।

नेहरा ने कहा, आपको बल्लेबाजी में कोई भी वह स्थिरता नहीं दे सकता जो विराट कोहली देते हैं। आप अपनी बल्लेबाजी में सिर्फ पावर–हिटर्स नहीं रख सकते। आपको अपनी टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का सही मेल रखना होगा। कोहली 2014 और 2016 टी20 वर्ल्ड कप के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे।

## संजय बांगड़ बने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के मुख्य कोच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने मंगलवार को अपने बल्लेबाजी सलाहकार संजय बांगड़ को अगले दो साल के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया। बांगड़ को फरवरी में टीम के बल्लेबाजी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। वह माइक हेसन की जगह मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। हेसन क्रिकेट संचालन निदेशक की अपनी वर्तमान भूमिका में टीम के साथ बने रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के साइमन कैटिच के व्यक्तिगत कारणों से पद छोड़ने के बाद यूएई में आईपीएल के दूसरे चरण के लिए हेसन को मुख्य कोच की अतिरिक्त भूमिका सौंपी गई थी। आरसीबी के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पोस्ट किए गए वीडियो में हेसन ने कहा, 'आज हमने संजय बांगड़ को अगले दो साल के लिए आरसीबी का मुख्य कोच नियुक्त किया।' उन्होंने कहा, 'संजय एक बेहद सम्मानित कोच हैं। उन्हें मुख्य रूप से बल्लेबाजी कोच के रूप में जाना जाता है लेकिन उनके पास निश्चित रूप से इससे कहीं अधिक विशेषज्ञता है।'

## न्यूज डायरी



### अक्षय कारनेवर ने किया कमाल, चार ओवर में नहीं दिया कोई भी रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नागपुर। विदर्भ की टीम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में जगह बना रही थी। वहीं साथ ही उनके बाएं हाथ के स्पिनर अक्षय कारनेवर अपना नाम रेकॉर्ड बुक में दर्ज कर रहे थे। अक्षय ने चार ओवर गेंदबाजी की और ऐसा प्रदर्शन किया जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता। वह पुरुष टी20 क्रिकेट में चार ओवर में 0 रन देने वाले पहले गेंदबाज बन गए। अक्षय ने मणिपुर के खिलाफ 4 ओवर में बिना कोई रन दिए दो विकेट हासिल किए। अक्षय ने तीन ओवर लगातार गेंदबाजी की और उसके बाद उन्हें आक्रमण से हटा दिया गया। उन्होंने अपने दो ओवरों में दो विकेट लिए। लेकिन किसी भी, जिसमें वह भी शामिल थे, को यह मालूम नहीं था कि वह विश्व कीर्तिमान बनाने वाले हैं। जब ड्रेसिंग रूम से उन्हें बताया गया तभी उन्हें इसकी जानकारी मिली। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में भी कोई रन नहीं दिया और वर्ल्ड रेकॉर्ड बना दिया। अक्षय ने यह शानदार प्रदर्शन प्लेट ग्रुप मैच में किया।

### हमने रन नहीं बनाए, हार का कोई और कारण नहीं: सुनील गावस्कर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों का मजबूत टीमों के खिलाफ रन बनाने में असफल रहना टीम के टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने का मुख्य कारण रहा तथा उन्होंने टीम से पावरप्ले के ओवरों में अपना रवैया बदलने का आग्रह किया। भारत सुपर 12 के पहले दो मैचों में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड से हारने के कारण सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया। गावस्कर ने स्पोर्ट्स तक में कहा, 'जिस तरह से पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने हमारे बल्लेबाजों पर अंकुश लगाया, उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, यही मुख्य कारण था कि भारत आगे नहीं बढ़ पाया। ओस (दूसरी पारी में) बल्लेबाजी को आसान बना रही थी क्योंकि गेंद टर्न नहीं कर रही थी और स्पिनरों की गेंदें सीधी जा रही थी।' उन्होंने कहा, 'बाद में बल्लेबाजी करने का फायदा था लेकिन अगर आपने 180 रन बनाए होते तो गेंदबाजों को अतिरिक्त 20–30 रन बचाव के लिए मिलते। जब आप 111 बना रहे हैं तो ओस मायने नहीं रखती। हमने रन नहीं बनाए और यही मुख्य कारण है, और कुछ नहीं।'

### भारत बनाम पाकिस्तान मैच ने रचा इतिहास, प्रसारकों ने किया एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। फाइनल से पहले जिस मुकाबले को महामुकाबला कहा जा रहा था, वो सही साबित हुआ। जी हां, हम बात कर रहे हैं भारत बनाम पाकिस्तान मैच की, क्योंकि ये मुकाबला टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा लोगों द्वारा देखा गया मुकाबला बन चुका है। इस बात की घोषणा खुद टी20 विश्व कप 2021 के आधिकारिक प्रसारकों ने की है। ये मुकाबला 24 अक्टूबर को दुबई में खेला गया था। इस आयोजन के आधिकारिक प्रसारक ने दावा किया कि टी20 विश्व कप में बहुप्रतीक्षित भारत–पाकिस्तान मैच ने 167 मिलियन दर्शकों की रिकार्ड रीच हासिल की, जिससे यह अब तक का सबसे अधिक देखा जाने वाला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच बन गया।

### जमकर चल रहा है मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के बल्ला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय घरेलू क्रिकेट के सीजन की शुरुआत सैयद मुश्ताक अली ट्राफी यानी टी20 टूर्नामेंट के साथ हुई है। इसी टूर्नामेंट में मुंबई की टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे हैं। आईपीएल 2021 के ठीक बाद वे मुंबई की टीम के साथ जुड़ गए थे और अपनी टीम के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्राफी खेल रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। यहां तक कि उनका बल्ला भी जमकर रन उगल रहा है। मुंबई की टीम ने लीग फेज में अपने पांचों मैच खेल लिए हैं। वहीं, जो दो मुकाबले मुंबई की टीम ने हारे हैं, वो करीबी अंतर से हारे हैं।